सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

पिलानी(राजस्थान) 333031

सं. 35/29/2020-राभा

दिनांक – 8 जनवरी, 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में विश्व हिंदी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन।

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के अनुमोदन से संस्थान में **विश्व हिंदी दिवस** मनाया जा रहा है। इस अवसर पर **प्रोफेसर नितेन्द्र पाठक,** विभागाध्यक्ष, कला (मानविकी) संकाय, श्रीमती इंद्रमणि मंडेलिया शिक्षा निकेत, पिलानी (राजस्थान) **विशिष्ट अतिथि** होंगे। **डॉ पी सी पंचारिया,** निदेशक, सीएसआईआर-सीरी कार्यक्रम की **अध्यक्षता** करेंगे। आमंत्रित अतिथि द्वारा विश्व हिन्दी दिवस संबोधन / आमंत्रित व्याख्यान दिया जाएगा तथा संस्थान की **वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण, वर्ष 2025, अंक 9' का विमोचन** भी किया जाएगा। इस अवसर पर नवीनतम अंक में प्रकाशित शोधपत्रों/वैज्ञानिक लेखों के लेखकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम विवरण निम्नवत है :

दिनांक	कार्यक्रम एवं समय	स्थान
12 जनवरी, 2026 (सोमवार)	**विश्व हिंदी दिवस समारोह** अप. 3:00 बजे	पुराना सभागार

संस्थान के सभी सहकर्मी, शोधार्थी एवं परियोजना कार्मिक, प्रशिक्षार्थी आदि इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं। अत: सभी कार्मिकों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति/प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

मधुरंजन 8/1/2026

(मधुरंजन पाण्डेय)

प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. वरिष्ठ वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. रा.का.स. एवं इलेक्ट्रॉनिक दर्पण प्रकाशन समिति के सभी सदस्य
5. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – कृपया इसे अपने अधीनस्थ सहकर्मियों की जानकारी में ला दें और उन्हें कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए निदेशित करें।
6. प्रमुख, पी एम ई – पीए सिस्टम/फोटोग्राफी/उद्घोषणा की व्यवस्था के लिए।
7. प्रभारी, एआईटीजी – का. ज्ञा. को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं सभागार में आयोजन संबंधी अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
8. डॉ आर के सिंह – मुख्य समारोह में गुलदस्तों (02) की व्यवस्था के लिए ।
9. सुरक्षा अधिकारी/श्री किशन लाल – सभागार में स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
10. सूचना पट्ट